'निष्पक्ष चुनाव में माइक्रो ऑब्जर्वर्स की अहम भूमिका'

■ 'मतदान की पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो'

कोटा, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियोजित सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. वेंकटाचलम ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजन में माइक्रो ऑब्जर्वर्स की अहम भूमिका है। माइक्रो ऑब्जर्वर्स मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद 18 बिन्दुओं पर आधारित रिपोर्ट सामान्य पर्यवेक्षक को भेजना सुनिश्चित करें।

डॉ. वेंकटाचलम शुक्रवार को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित माइक्रो ऑब्जवर्स के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए मतदान से जुड़ा प्रत्येक कार्मिक एवं अधिकारी अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर लगाए गए माइक्रो ऑब्जर्वर्स टेंडर वोट, प्रॉक्सी वोट, मॉक पोलिंग सहित दिनभर चली मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदान केन्द्र की हर गतिविधि की रिपोर्ट तैयार करें। मतदान केन्द्रों पर समस्त तैयारियां पूरी हों, मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले मॉक पोल किया जाए। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर संवेदनशील मतदान केन्द्र पर सजगता से नजर रखें एवं किसी भी तरह की अशांति एवं विशेष परिस्थितियां उत्पन्न होने पर तुरंत इसकी सूचना सामान्य पर्यवेक्षक को दी जाऐं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने प्रशिक्षण ले रहे माइक्रो ऑब्जर्वर्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता पारदर्शी, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना है। इसके लिए मतदान के दिन प्रातः 5:30 बजे मॉक पोल करवाया जाए एवं मॉक पोल के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्लोज बटन दबाकर मॉक पोल का डेटा क्लीयर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर देखें कि मतदान केन्द्र पर समस्त आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों एवं मतदान की पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो। प्रशिक्षण के दौरान स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. राजेश चन्द्र दाधीच एवं डॉ. अनिल कुमार खत्री ने मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सामान्य पर्यवेक्षक को भेजी जाने वाली 18 बिन्दुओं की रिपोर्ट, ईवीएम एवं वीवीपेट के संचालन, टेंडर वोटिंग, एएसडी वोटर्स, मॉक पोल की प्रक्रिया, माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व आदि के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण कुशल कुमार कोठारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में माइक्रो ऑब्जर्वर्स अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करें। अतिरिक्त ओआईसी ट्रेनिंग रमेश शर्मा ने ट्रेनिंग की शुरूआत में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में 205 माइक्रो ऑब्जर्वर्स ने भाग लिया। सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. वेंकटाचलम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने प्रशिक्षण स्थल पर ईवीएम एवं वीवीपेट की संचालन प्रक्रिया देखी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रशिक्षण के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर्स को ईवीएम एवं वीवीपेट का डेमो दिखाया गया।

21 अनाथ जोड़ों को मंत्री बाथम ने आशीर्वाद दिया

कोटा, (निसं)। राजस्थान कहार, केवट, भोई कश्यप निषाद, मेहर, केवटवंशीय समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन सिलोर में आयोजित किया जिसमें 21 अनाथ जोड़ों का विवाह समारोह महाकुंभ में बदल गया।

मध्य प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री सीताराम बाथम समेत समाज के प्रमुख लोगों ने वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने बताया कि भरतपुर संभाग अध्यक्ष रूपसिंह कहार, अजमेर संभागीय अध्यक्ष मदन लाल कहार, जयपुर संभागीय अध्यक्ष मनमोहन मेहरा, महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष सरिता केवट, उपाध्यक्ष सुमनलता कश्यप, सुनिता कश्यप, पुनम सीवान, ओमप्रकाश केवट, बबलू कहार, प्रदेश महासचिव चिरंजी लाल कहार, केकड़ी जिला अध्यक्ष जयकिशन कहार, उपाध्यक्ष भंवरलाल कहार, मीडिया प्रभारी सत्यनारायण कहार, संरक्षक हीरालाल कहार, बूंदी जिला अध्यक्ष राकेश कहार, बूंदी जिला महामंत्री रामकुमार कहार, रामधन कहार, कोटा जिला महामंत्री रामस्वरूप केवट, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन कहार, उपाध्यक्ष कुलदीप कहार, संगठन मंत्री करण कहार, विष्णु कहार, बालमुकुंद कहार, गिर्राज कहार, अभिषेक कहार,आदि प्रमुख रहे।

15 हजार की आबादी में सरकारी स्कूल नहीं

■ बस्ती मे न तो स्कूल हैं, बड़ी आबादी के बीच न कोई सामुदायिक भवन, न पीने के पानी की पाईप लाईन हैं, न बस्ती मे सीसी रोड़ हैं, न नालियां हैं।

कोटा, (निसं)। पूर्व संसदीय सचिव भवानीसिंह राजावत अनन्तपुरा के समीप क्रेशर बस्ती के लोगों के बीच पहुंचे जहां बस्तीवासियों ने उन्हें बताया कि 15 हजार की आबादी वाली क्रेशर बस्ती में बच्चों की पढ़ाई के लिए सरकारी स्कूल नहीं हैं 50 वर्षो से ये हम लोग विद्यालय से महरूम हैं कांग्रेस और भाजपा का लगातार राज रहा सबके मतदाता सूची में नाम हैं जनप्रतिनिधि वोट लेते रहे लेकिन हम गरीबों को मूलभूत सुविधा मिले इसकी किसी ने चिंता नही की।

स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति धारीवाल ने शहर के विकास और सौन्दर्यीकरण पर 6 हजार करोड़ रूपए खर्च कर दिए लेकिन कोटा शहर के हजारों मजदूर आज भी फटेहाल पड़े हुए हैं। पूर्व विधायक राजावत क्रेशर बस्ती के लोगों के बीच मे उनकी पीड़ा सुनकर चौकन्नें हो गए बस्ती मे न तो स्कूल हैं, बड़ी आबादी के बीच न कोई सामुदायिक भवन, न पीने के पानी की पाईप लाईन हैं, न बस्ती मे सीसी रोड़ हैं, न नालियां हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करवा रहे हैं लेकिन इन गरीबों को राशन से गेहूं भी नहीं मिल रहा जब नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा के चुनाव आते हैं तो जनप्रतिनिधि इन लोगों से वोट बटोर लेते हैं लेकिन ये लोग आज भी मूलभूत सुविधा के तरस रहे हैं। राजावत ने उन्हें विश्वास दिलाया कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वे बस्ती मे सबसे पहले सरकारी स्कूल, नगर विकास न्यास से सामुदायिक भवन, और जलदाय विभाग से पीने के पानी की पाईप लाईन और पूरी बस्ती मे सीसी रोड़ और नालिया, रसद विभाग से खाद्य आपूर्ति के लिए लोगों के राशन कार्ड चालू करवाएंगे।

अब तक जनप्रतिनिधियों की दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव मे यह गरीब मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते रहे लेकिन अब इनको सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। क्रेशर चलाकर पत्थर तोड़कर जीवन यापन करने वाले मजदूर फटेहाल और बेहाल पड़े हुए हैं। कार्यक्रम को बस्ती की अध्यक्ष लक्ष्मीबाई, बाबूलाल, दौलत, गोविन्द, मीना, शान्तिबाई, रेखा आदि ने भी सम्बोधित किया।

शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। कर्मचारी हित निधि कोटा के सहयोग से रेलवे चिकित्सालय के सवाई माधोपुर यूनिट में 19 अप्रैल को आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक : LU2012/KOT/2023-24/100659 **लोक सूचना** दिनांक : 19.04.2024

श्री CHIRANJEEV SINGH SIDDHU पुत्र श्री LATE JAGMOHAN SINGH SIDDHU जाति SIKH निवासी 585, PURNIMA BHAWAN MAIN ROAD, CHAWANI, KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्ट.)
1	सुखपुरा, लाड़पुरा (कोटा)	CHIRANJEEV SINGH SIDDHU	102/36 (WEST PART)	10000	1
				कुल	1

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19.04.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/54 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांकः-04.04.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्रीमती सीमा जैन पत्नी श्री राजेश जैन निवासी रावतभाटा द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के बालाजी नगर आवासीय योजना रावतभाटा के आवासीय भूखंड संख्या 23 श्रेणी (MIG-B) साईज 9x.19.5 क्षेत्रफल 175.5 वर्गमीटर अर्थात 1888.38 वर्गफीट के स्वामित्व संबंधी व अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों को ऑनलाईन अपलोड करवाकर इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त प्राप्त आवेदन से संबंधित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांकः-ननिको.द./भ.व.नि.अनु./2024/2118-19 दिनांकः 19.4.24

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार मेवाडा पुत्र श्री मुकुट बिहारी, 321 शोपिंग सेन्टर कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 1080 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

321 शोपिंग सेन्टर कोटा स्थित भूखंड का आवंटन पत्र क्रमांक 2954 मंडी कमेटी दिनांक 01.08.1961 को कार्यालय मंडी कमेटी, चम्बल योजना कोटा राजस्थान द्वारा श्री अब्दुल हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद अली के पक्ष में जारी किया गया था। मूल आवंटी श्री अब्दुल हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद अली से श्री देवीलाल पुत्र श्री गोरधन लाल एवं बृजमोहन शृंगी पुत्र श्री धूलीलाल द्वारा क्रय किया गया था। श्री देवीलाल द्वारा जर्ये वसीयत श्री मुकुट बिहारी पुत्र श्री देवीलाल को न्यायगत किया गया। श्री देवीलाल की मृत्यु उपरांत (मृत्यु प्रमाण पत्रानुसार) श्री मुकुट बिहारी द्वारा अपने हिस्से को जर्ये रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 16.01.2012 से उक्त भूखंड श्री राजकुमार मेवाडा पुत्र श्री मुकुट बिहारी को दान कर दिया। तत्पश्चात आवेदक ने नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं शपथ पत्र अनुसार 321 शोपिंग सेन्टर कोटा उक्त भूखंड का नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज कोटा में

कोटा, (निसं)। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के पक्ष में चुनाव प्रचार हेतु केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 20 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे सीआईडी ग्राउंड कोटा में "विजय संकल्प महासम्मेलन" सभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि विजय संकल्प महासम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला, कोटा बूंदी लोकसभा के प्रभारी एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, कोटा संभाग के प्रभारी मुकेश दाधीच, विधायक संदीप शर्मा, विधायक कल्पना देवी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभु लाल सैनी, बूंदी जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कोटा देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विस्तारकगण एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शहर जिला अध्यक्ष जैन ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह की आमसभा को लेकर आमजन में व्यापक उत्साह है, आमसभा में कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र के आम नागरिकों सहित भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी सहित ऐतिहासिक जन सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी, कोटा शहर जिले ने युद्ध स्तर पर आम सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए वार्ड एवं बूथ स्तरों तक तैयारी बैठकें की हैं, आमजन में प्रखर राष्ट्रवादी गृहमंत्री अमित शाह की बैठक को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।

राशन सामग्री का वितरण किया

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब पद्मिनी के द्वारा अपने स्थाई प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत मुस्कान की रसोई को राशन सामग्री का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष सुषमा बंसल एवं सचिव दीप्ति राजावत ने बताया कि क्लब ने 90 किलो राशन सामग्री भेंट की है। उन्होने बताया कि यह क्लब का स्थाई प्रोजेक्ट है इस प्रोजेक्ट के तहत क्लब हर माह किसी भी जरूरतमंद संस्था को राशन सामग्री व भोजन पैकेट वितरित करता है। दीप्ति राजावत ने बताया कि अप्रैल माह में अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की चैयरमेन रेणु दीपचंदानी रही जिनके सहयोग से राशन सामग्री की वितरित हो सका। रेणु दीपचन्दानी ने बताया कि मुस्कान की रसोई निर्धन व जरूरतमंद लोगों को भोजन करने का कार्य 5 रुपये थाली में करवाती है। ऐसे में संस्था ने आटा, चावल, नमक, दाल, नमक व मसालों सहित 90 किलो राशन सामग्री भेंट की।

सिन्धी समाज ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया

कोटा, (निसं)। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान के तत्वावधान में विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी का संस्थान अध्यक्ष ओम आडवानी के नेतृत्व में शांति प्रकाश हॉल गुमानपुरा कोटा पर जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कोटा शहर की समस्त सिंधी पंचायतों व महिला मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा विधानसभाध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सिंधी जनरल पंचायत के जिला मंत्री शमशेर परमानी ने बताया कि विधानसभाध्यक्ष के एक दिवसीय प्रवास के दौरान उनके स्वामी शांति प्रकाश हॉल गुमानपुरा कोटा आगमन पर आतिशबाजी कर सिंधी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा का भी संस्थान अध्यक्ष ओम आडवानी, संत कंवरराम धर्मशाला अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने इस अवसर पर उपस्थित कोटा शहर की समस्त पंचायतो के पदाधिकारियो व सिन्धी समाज के प्रतिनिधियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि विभाजन के बाद समाज के लोगो को शरणार्थी कहा गया, जबकि सिंधी समाज तो अविभाजित हिन्दूस्तान के ही थे यही रहते थे। जिन्हें शरणार्थी या दूसरे देश से लौटा हुआ मानना सरासर गलत है। यह दुर्भाग्य रहा कि सिन्ध प्रदेश विभाजन में पाकिस्तान में चला गया। देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज के परिवारजन, भावी पीढ़ी आपस में घरों में सिंधी भाषा में बातचीत करें, घरों पर सिन्धी गाने बजाये, ताकि बच्चों में सिंधी भाषा के प्रति जागरूकता रहे व भाषा को समझे। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि सिंधी समाज ने विभाजन के बाद अपनी मेहनत के दम पर पुनः अपने आप को स्थापित कर व्यवसाय में व अन्य सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित की है। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान अध्यक्ष ओम आडवानी ने कहा कि सिंधी समाज सनातनी है, व सनातनी धर्म की रक्षार्थ अपना सबकुछ न्यौछावर करने को तैयार रहता है। उन्होंने उपस्थित सभी पंचायतो के पदाधिकारियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन किशन रतनानी एवं शमशेर परमानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संत कंवरराम धर्मशाला के अध्यक्ष गिरधारी लाल पंजवानी, जनरल पंचायत के महामंत्री पुरूषोत्तम छाबड़िया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-496 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-19.3.24

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना सुभाष नगर एम.बी.एस. रोड खल एवं पशु आहार मार्केट का भूखंड संख्या सी-30 कार्नर मै. सत्यम ट्रेडर्स प्रो. श्री लालचन्द राठौर एवं श्री गिरिराज राठौर को आवंटन पत्र दिनांक 17.07.2013 को आवंटन किया गया था। आवंटी मै. सत्यम ट्रेडर्स प्रो. श्री लालचन्द राठौर एवं श्री गिरिराज राठौर द्वारा उक्त भूखंड पर एचडीएफसी बैंक लि. द्वारा ऋण वसूली की प्रक्रिया सरफेसी एक्ट के तहत दिनांक 03.02.2022 को प्रारम्भ कर उक्त भूखंड संख्या सी-30 कार्नर सुभाष नगर एम.बी.एस. रोड खल एवं पशु आहार मार्केट को नीलामी द्वारा श्री गुरुमीत सेठी पुत्र श्री सावल सेठी को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता श्री गुरुमीत सेठी पुत्र श्री सावल सेठी द्वारा उक्त भूखंड के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या सी-30 कार्नर योजना सुभाष नगर एम.बी.एस. रोड खल एवं पशु आहार मार्केट का नाम हस्तान्तरण श्री गुरुमीत सेठी पुत्र श्री सावल सेठी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-539 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-18.4.24

नगर विकास न्यास कोटा की रानपुर आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या ई-873 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 27.05.2013 को श्रीमती सुनीता सागर पत्नी श्री लोकमन सागर को आवंटन किया गया था। आवंटी श्रीमती सुनीता सागर पत्नी श्री लोकमन सागर द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती संतोष दाधीच पत्नी श्री हरीश दाधीच द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.01.2024 को श्री हरीश दाधीच पुत्र श्री भैरवलाल शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या ई-873 योजना रानपुर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री हरीश दाधीच पुत्र श्री भैरवलाल शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

राज्य कर्मियों ने शहरवासियों को मतदान करने का संदेश दिया

कोटा, (निसं)। मतदाताओं की भागीदारी और सक्रियता बढ़ाने के लिये की जा रही गतिविधियों में सतरंगी सप्ताह के तहत आज तीसरी दिवस सर्विस वोटर एवं राज्य कार्मिकों के लिए जागृति अभियान चलाया गया।

इसके तहत नगर निगम कोटा से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की वाहन रैली निकाली गई, जिसे स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अशोक कुमार त्यागी ने रवाना किया। रैली में कर्मचारी का विशाल समूह अपने वाहनों पर मतदाता जागरूकता के नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर दादाबाड़ी के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गुजरा। जिसमें जिला परिषद, यूआईटी, नगर निगम, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों के कार्मिकों ने भाग लिया। यह रैली सीएडी सर्किल एवं दादाबाड़ी के मुख्य मार्गों पर होती हुई, आम लोगों को 26 अप्रेल को मतदान करने का संदेश देती हुई आगे बढ़ी। इससे पूर्व राजकीय कार्मिकों को जागृत करने के क्रम में स्वीप एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर पुरुषोत्तम शर्मा ने जेडीबी पहुंचकर मतदान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 500 कार्मिकों को ई-शपथ डाउनलोड करवाई तथा अपने परिवार जनों को शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए आग्रह किया। मतदान करने के लिए किया संवाद देवली कलां में सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ गीता राम शर्मा ने ग्रामीणों को स्वीप गतिविधियों के बारे में एवं मतदान करने को सुनिश्चित करने के लिए संवाद एवं आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मतदान करना और मतदान के लिए जागरूकता करना लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक कार्य है एवं सबका कर्तव्य भी है। सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा ने बताया कि लोकतंत्र के लिए हम सभी को 26 अप्रेल को मतदान करने जाना है जिसका समय प्रातः 7 से 6 बजे तक रहेगा। इस दौरान स्वीप प्रभारी राजकीय महाविद्यालय के डॉ. मनोज कुमार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता छात्रवृत्ति के विद्यार्थियों, मंत्रालय कर्मचारी एवं संकाय सदस्यों के साथ मतदान करने का संकल्प भी लिया गया।

सुचाल साहेब की समृति में सत्संग आज

कोटा, (निसं)। विदेहमुक देह दानीसंत सुचाल साहेब की स्मृति में कबीर पारख संस्थान के तत्वाधान में एक दिवसीय विशाल सत्संग समारोह आज खड़े गणेशजी रोड़ स्थित कबीर आश्रदेह दानी संतम में होगा।

इसमें विभिन्न प्रदेशों से आये संत साध्वियों द्वारा कबीर वाणी के माध्यम से मानवीय एकता राष्ट्रीय अखण्डता व सामाजिक समरसता की भावना को लेकर स्वस्थ व सुखी जीवन जीने की विधा पर प्रवचन दिये जायेंगे। व कबीर भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। संस्थान के अध्यक्ष संत गुरुबोध ने बताया कि सद्गुरु प्रभाकर साहेब के सानिध्य में सुबह 8 से 11 व दोपहर 1 से 4 बजे तक सत्संग के कार्यक्रम होंगे।

भगवान को पालना झुलाया

कोटा, (निसं)। श्री महावीर भगवान जन्म कल्याणक महामहोत्सव के तहत महावीर दिगंबर जैन मंदिर तलवंडी में महावीर महिला मंडल द्वारा समाज की 150 महिलाओ ने भगवान महावीर का संगीतमय पालना झुलाई कार्यक्रम रखा।

समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अध्यक्ष अनिला झांझरी ने बताया महिलाओं पालना झुलाने की होड़ सी मची थी सभी भक्ति भाव से पालना झूलने को आतुर दिखी। मंत्री सुनीता सामरिया ने बताया की यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इसमें भगवान के माता पिता, सौधर्म इंद्र का भी सानिध्य रहा। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने मेहंदी लगाई और बधाई के गीत गाए। अध्यक्ष अशोक पहाड़िया व समिति महामंत्री प्रकाश जैन ने बताया कि 21 अप्रैल को शोभायात्रा प्रात 7.00 बजे श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर तलवंडी से प्रारंभ की जाएगी। शोभायात्रा में लगभग हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। श्रीजी की प्रतिमा को मंत्रोच्चारण के साथ सुसज्जित कर रथ में रवाना किया जाएगा,जिनके पीछे जैन समाज के लोग महावीर के जयकारों के साथ आगे बढ़ेगे। शोभायात्रा के संयोजक रितेश सेठी व प्रकाश बज ने बताया कि शोभायात्रा में सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र, कुबेर, सारथी व चवर डुलाने वालें रथ में सवार होकर चलेंगे। महिला केसरिया रंग की साड़ी व पुरुष सफेद कुर्ते पजामे में शामिल होंगे। शोभायात्रा में श्वेत अश्व, ऊंट गाड़ी, 24 बग्गियां, महावीर के संदेश की संजीव झांकियां शामिल होगी। जगह-जगह रंगोली एवं मार्ग के दोनो और श्वेत व लाल रेखाएं बनाकर स्वागत किया जाएगा। 108 स्वागत द्वारा बनाए जाएंगे। सभी मंदिरों के लोग अधिक से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर जैन धर्म प्रभावना में अपना योगदान दे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1315 **विज्ञप्ति** दिनांकः-19.4.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालाकुण्ड में स्थित कृषि भूमि योजना जवाहर नगर खसरा नं. 41 में स्थित भूखंड संख्या जी-7 आवेदक/आवेदिका श्री महेश कुमार वैष्णव पुत्र स्व. श्री शंकर दास बैरागी निवासी जी-7 जवाहर नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 114 दिनांक 22.05.2001 को श्री शंकर दास बैरागी पुत्र श्री जगन्नाथ दास बैरागी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार दिनांक 09.09.2007 को तथा पत्नी कान्ता देवी की मृत्यु दिनांक 11.03.2016 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पुत्री कृष्णा बैरागी पुत्र महेश कुमार वैष्णव है। वारिसान कृष्णा बैरागी द्वारा जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 15.07.2019 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री महेश कुमार वैष्णव पुत्र स्व. श्री शंकर दास बैरागी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 163 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 19.4.24

आवास संख्या 4-डी-13 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री गोपाल लाल पुत्र श्री रघुनाथ को किया गया था। श्री गोपाल लाल पुत्र श्री रघुनाथ के नाम के साथ अपनी पत्नी श्रीमती ग्यारसी बाई का नाम भी दिनांक 03.05.2008 को संयुक्त रुप से सम्मिलिति किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री गोपाल लाल पुत्र श्री रघुनाथ एवं श्रीमती ग्यारसी बाई पत्नी श्री गोपाल लाल द्वारा दिनांक 27.06.2008 को संयुक्त रुप से अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री गोपाल लाल पुत्र श्री रघुनाथ की मृत्यु दिनांक 16.12.2018 को व इनकी पत्नी श्रीमती ग्यारसी बाई की मृत्यु दिनांक 27.03.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसों में श्रीमती संतोष पुत्री स्व. श्री गोपाल लाल पत्नी श्री राधेश्याम महावर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित 1/2 हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 03.11.2023 को श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल के पक्ष में किया गया। श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-डी-13 महावीर नगर तृतीय कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

डेंगू रोधी गतितिधियां की

कोटा, (निसं)। डेंगू, मलेरिया आदि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जिले में डोर-टू-डोर सर्वे अभियान जारी है। शुक्रवार को मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के तहत चिकित्सा विभाग की 738 टीमों ने 12167 घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की। सीएमएचओ डॉ.जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि टीमों ने घरों के 20752 कंटेनर जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना **कोटा मंडल**

सिविल इंजीनियरिंग (गति शक्ति यूनिट)

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभि. (गति शक्ति यूनिट) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा गति शक्ति यूनिट कोटा के लिए आमंत्रित हैः- **टेन्डर संख्याः** जी.एस.यू-कोटा-01-2024, **कार्य का विवरणः** रिंगरडरिंग ऑफ 2 x 24.40 मीटर (सेमी थ्रू नॉन स्टेन्डर्ड) ऑफ ब्रिज नं. 250 अप ऑफ कोटा डिविजन। **कार्य की लागतः** ₹ 3,55,80,916.07, **टेन्डर बन्द होने की तारीखः** 13.05.2024, **नोटः** पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा उप मुख्य इंजीनियर (गति शक्ति यूनिट), मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा कार्यालय शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। आफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई-निविदा के अतिरिक्त ऑफ लाईन/मैनुअल ऑफर के माध्यम से टेन्डर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति यूनिट) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

दिल के रोगियों को ईथॉस से मिली राहत

■ जटिलतम हृदय रोग का नवीनतम तकनीक से किया उपचार

कोटा, (निसं)। हाड़ौती के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ईथॉस हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग द्वारा गत 18 माह के अंतराल में एक हजार सफल हृदय प्रोसीजर्स किए है। डॉ. के.के.कटियाल एवं सीए अरविंद गोयल ने बताया कि मल्टी सुपर स्पेशलिटी ईथॉस हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कैथलैब की उपलब्धता होने से हृदय रोग से संबंधित कई जटिल प्रोसीजर्स को सुगमता से अंजाम दिया जाता है।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शुभम जोशी के निर्देशन में गत 1.5 वर्ष के अंतराल मे एक हजार हृदय रोगियों का सफल उपचार किया है। हाड़ौती संभाग के विभिन्न स्थानो से आने वाले हृदय रोगियों को ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा ने उचित चिकित्सा व संतुष्टि प्रदान करने का प्रयास किया है और रोगियों को दिल के दर्द से राहत प्रदान कर ईथॉस हॉस्पिटल ने जनता मे विश्वास कायम किया है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.शुभम् जोशी ने बताया कि गत 18 माह में कई जटिल हृदय रोगों का सफल उपचार विभिन्न नवीनतम तकनीक के माध्यम से किया गया। एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर आदि व रोटा एबलेशन जैसी आधुनिक तकनीक के माध्यम से जांच एवं उचित उपचार दिया गया। डॉ.जोशी ने बताया कि जिन मरीजों की हृदय की नसों में कुछ ज्यादा कैल्शियम जमा होता है या लम्बे ब्लॉकेज होते हैं। उनकी एंजियोप्लास्टी की बजाय बायपास सर्जरी की जाती थी लेकिन रोटा एबलेशन तकनीक से अधिकांश मामलों में बायपास सर्जरी की जरूरत नहीं रही। ऐसे मरीजों में यह तकनीक बहुत कारगर है। उन्होंने बताया कि यहां ईथॉस हॉस्पिटल मे सफल इलाज के पीछे ईथॉस हॉस्पिटल की नवीनतम, अत्याधुनिक उपकरण युक्त कैथलैब है जहां बिना रुकावट सुविधापूर्ण तरीके से प्रोसीजर्स किये जा रहे है। निदेशक प्रदीप दाधीच व जितेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि सफल 1000 कैथलैब प्रोसीजर्स में 80 प्रतिशत रोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हुआ है, ईथॉस हॉस्पिटल में इनका निशुल्क इलाज किया गया है। उन्होंने बताया कि ईथॉस हॉस्पिटल की मल्टीस्पेशलिटी सुविधाओं का लाभ सभी प्रकार के इंश्योरेंस व टी.पी.ए. योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध है। राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं जैसे आर.जी.एच.एस व आयुष्मान योजनाओं के अंतर्गत एंजियोप्लास्टी जैसे महंगे प्रोसीजर्स निशुल्क किए जा रहे हैं।

इन्सुलिन का इस्तेमाल, जानकारी का प्रचार और सही देखभाल, तीन मंत्र हैं महत्वपूर्ण

■ 2021 में पूरे विश्व के टाईप 1 के विभिन्न शोधपत्रों से यह पता लगा के पूरे विश्व में वर्तमान में चोरियासी लाख मरीज टाइप 1 से पीड़ित हैं एवं भारत मे आठ लाख साठ हजार चार सौ तेईस लोग टाईप वन मधुमेह के साथ जी रहे हैं

कोटा, (निसं)। रामचंदानी डायबिटिक केअर एन्ड रिसर्च सेंटर द्वारा 'दोस्त डायबिटिक चाइल्ड केअर सोसाइटी', ऑस्ट्रेलिया की गैर संस्थान संगठन लाइफ फ़ॉर चाइल्ड और कोटा डायबिटीस वेलफेयर ट्रस्ट के साथ कोटा में तीसरा दोस्त कॉन आयोजित कर रही है जो रविवार 21 अप्रैल को गोबरिया बावड़ी स्थित पुरुषार्थ भवन में होगा।

टाइप वन डायबिटीज के लिए संवाद और सहभागिता इस अभिनव कार्यक्रम का मकसद है सबको यह समझना कि इन्सुलिन का इस्तेमाल, जानकारी का प्रचार और सही देखभाल तीन महत्वपूर्ण मंत्र हैं जिससे हम जीत हासिल कर सकते हैं। 2021 में पूरे विश्व के टाईप 1 के विभिन्न शोधपत्रों से यह पता लगा के पूरे विश्व में वर्तमान में चोरियासी लाख मरीज टाइप 1 से पीड़ित हैं एवं भारत मे आठ लाख साठ हजार चार सौ तेईस लोग टाईप वन मधुमेह के साथ जी रहे हैं सही समय पर डायग्नोसिस एवं सही इन्सुलिन एवम जांच करने की मशीन उपलब्ध हो जाए तो मरीज के लगभग 20 वर्ष बचाए जा सकते हैं तथा इस सेमिनार में इसी विषय पर चर्चा करेंगें एवं भविष्य में इनको जो चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए उस बारे में भी चर्चा करेंगें। कोटा के डाबेटोलॉजिस्ट और इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ.जी.डी. रामचंदानी ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि 'फॉर द टाइप वन डायबिटिक, बॉए टाइप वन डायबिटिक' के नारे के साथ होने वाले इस कार्यक्रम का विज़न और मिशन यह है कि इन्सुलिन की कमी या जानकारी और सही देखभाल के अभाव में किसी भी टाईप वन डायबिटिक की मृत्यु न हो, टाईप वन डायबिटिक की जीवन शैली पर ध्यान देकर उसे स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सकें। इस कार्यक्रम में टाइप वन मधुमेह वाले बच्चे, उनके परिवारजन, इस अभियान से जुड़े चिकित्सा विशेषज्ञ और सेवाकर्मी भाग लेंगे डॉ सरोजिनी रामचंदानी ने बताया कि इसके लिए एडवांस में 150 टाइप वन डायबिटिक बच्चों का पंजीकरण हो चुका हैं। रविवार 21 अप्रैल रविवार को प्रातः 0700 बजे प्रारम्भ होने वाले इस कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में ग्लूकोमीटर के इस्तेमाल, इन्सुलिन लेने, शरीर में ग्लूकोस के बहुत कम या ज्यादा होने आदि बिंदुओं पर परिवारों से चर्चा होगी, इन परिवारों के अनुभवों को आधार बनाकर, टाइप वन मधुमेह वाले बच्चों और अभिभावकों को मार्गदर्शन देने पर फ़ोकस किया जाएगा।

डायटिएशन एवं डायबिटिक एजुकेटर अभिलाषा मंगल एवं रंजना रोहिड़ा ने बताया कि 10 बच्चों को नेशनल डायबिटीज़ एजुकेटर प्रोग्राम का निशुल्क कोर्स भी कराया गया है तथा ये वयस्क डायबिटीज एजुकेटर का कार्य भी कर रहे हैं। दोस्त डायबिटीज चाइल्ड केयर सोसाइटी के माध्यम से करीबन 30 से भी अधिक टाईप 1 डायबिटीज के वयस्कों की शादी भी भी करवाने मैं मदद करी हे जो की अपनी सामान्य वैवाहिक जीवन बिता रहे हैं तथा ज्यादा कर वैवाहिक दंपतियों को बच्चे भी हो गए है जिनमे किसी को भी डायबिटीज नही है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कोटा शहर डॉ अमृता दुहन, कोटा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ.संगीता सक्सेना, मार्गदर्शक डॉ.केके पारीक, डॉ एस के गोयल, डॉ गिरीश माथुर, आईएमए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.अशोक शारदा आईएमए की अद्यक्ष डॉ.मीनाक्षी शारदा, डॉ.मोहन मंत्री, डॉ.जेके सिंघवी, डॉ साकेत गोयल, डॉ.राकेश जिंदल, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ अमृता मयंगर आदि शामिल होंगे।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 175 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 19.4.24

आवास संख्या 1-एफ-27 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सुरेश चन्द्र शारदा पुत्र श्री मदन लाल शारदा को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री एम.एन. पुरुषोत्तम पुत्र श्री गोविन्दन के नाम दिनांक 13.02.1995 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री एम.एन. पुरुषोत्तम पुत्र श्री गोविन्दन द्वारा दिनांक 16.02.1995 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री एम.एन. पुरुषोत्तम पुत्र श्री गोविन्दन द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 29.12.1997 को श्री पुर्नेश चन्द्र शृंगी पुत्र श्री बापू लाल शृंगी को किया गया। श्री पुर्नेश चन्द्र शृंगी पुत्र श्री बापू लाल शृंगी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 25.07.2002 को श्री दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द्र गुप्ता को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द्र गुप्ता की मृत्यु दिनांक 03.09.2010 को हो चुकी है। श्री दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द्र गुप्ता द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 10.05.2010 को अपनी पत्नी श्रीमती निशा गुप्ता के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती निशा गुप्ता पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-एफ-27 महावीर नगर तृतीय कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती निशा गुप्ता पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार गुप्ता के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती निशा गुप्ता पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार गुप्ता के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती निशा गुप्ता पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार गुप्ता के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 162 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 19.4.24

आवास संख्या 11/180 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती सावित्री देवी गुप्ता पत्नी श्री कैलाश चंद्र गुप्ता को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सावित्री देवी गुप्ता पत्नी श्री कैलाश चंद्र गुप्ता द्वारा दिनांक 22.09.2014 को अपने पक्ष में करवाया गया। श्रीमती सावित्री देवी की मृत्यु दिनांक 09.09.2017 को हो जाने के कारण उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन श्रीमती दिप्ती गुप्ता पत्नी श्री विशाल गुप्ता के नाम 28.09.2022 को वसीयत नामा के आधार पर किया गया। तत्पश्चात श्रीमती दिप्ती गुप्ता पत्नी श्री विशाल गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 06.12.2023 को श्रीमती नीरु जादौन पत्नी श्री गिरवर सिंह को किया गया। श्रीमती नीरु जादौन पत्नी श्री गिरवर सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 11/180 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती नीरु जादौन पत्नी श्री गिरवर सिंह के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती नीरु जादौन पत्नी श्री गिरवर सिंह का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती नीरु जादौन पत्नी श्री गिरवर सिंह के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा